Title : Need to provide relief to the draught affected farmers in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्ि‍त करना चाहता हूँ कि इस वर् बिहार में वर्ा में भारी कमी हुई है और वर्ा की कमी की वजह से मात्र 20 से 30 प्रतिशत खेतों में धान की रोपाई की व्यवस्था हो सकी है और 65 प्रतिशत भाग बिल्कुल सूखे की छाया में है। वहां अकाल सी स्थिति बन गयी है। वहां की स्थिति बहुत गंभीर है। चूंकि वहां धान ही मुख्य फसल है और धान वर्ा पर निर्भर होता है। बिहार में सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सूखा झेलना पड़ रहा है। यह स्थिति गंभीर होती जा रही है। इससे किसानों में हताशा का वातावरण बन गया है और खास तौर पर बिहार के नवादा, सीतामढ़ी, दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी, सारन, पूर्वी और पश्चिमी चम्पारण, औरंगाबाद, जहानाबाद, नालन्दा और पटना आदि जिले भयंकर सूखे की चपेट में हैं।

मौसम विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार 10 अगस्त, 2005 तक पूरे प्रदेश में 390 मिलीमीटर वर्ा हो पाई है। कम से कम 60 मिलीमीटर वर्ा और होने की आवश्यकता है। मेरे संसदीय क्षेत्र पटना में पानी की बहुत कमी है। वहां की कैनाल में पानी नहीं है। नौबतपुर, बिक्रम, फूलवाड़ी और बिहटा प्रखंड में करीब 40 प्रतिशत धान की रोपाई हो सकी है। पूरा बिहार हर साल कभी बाढ़ तो कभी सुखाड़ से प्रभावित रहता है। इस वर् वर्ा नहीं होने के कारण मध्य और उत्तर बिहार सूखे से प्रभावित है। मेरा कृि मंत्री जी से निवेदन है कि बिहार में जो किसान सूखे से जूझ रहे हैं, उनके लिए अविलम्ब कोई व्यवस्था कराएं, ताकि वे गरीब किसान जो सिर्फ खेती पर निर्भर हैं, आने वाले समय में उनके लिए रोजी-रोटी का प्रबंध हो सके। इसलिए केन्द्र सरकार तुरंत वहां व्यवस्था करे, ताकि किसानों को होने वाली परेशानियों से बचाया जा सके।

उपाध्यक्ष महोदय : बाकी के अविलम्बनीय लोक महत्व के जो विाय रह गए हैं, वे शाम को लिए जाएंगे। सदन की कार्यवाही दो बजकर चालीस मिनट तक के लिए स्थगित की जाती है।

13.41 hrs

The Lok Sabha then adjourned for lunch till

forty minutes Past fourteen of the clock

14.42 hrs

The Lok Sabha re-assembled after Lunch

at forty-two minutes past Fourteen of the Clock.

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)

MATTERS UNDER RULE 377